दैनिक

राष्ट्रीय प्रस्तावना

गाँव से गवर्नेन्स तक

लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद,आजमगढ़, झांसी, एटा,औरैया, अमेठी,बलरामपुर, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर,जौनपुर,श्रावस्ती,उरई,जालौन, फिरोजाबाद,हरदोई, मथुरा,कानपुर,ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर,सिद्धार्थनगर,सन्तकबीरनगर, नोयडा सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 9 अंक 310 | लखनऊ,शुक्रवार, 29 मई, 2020 | पृष्ठ : 8 | मूल्य : 2.00

शादी की साल गिरह पर बाटा जरूरत मन्दों को मास्क

डा. भरत राज सिंह,
पर्यावरणविद व महानिदेशक,
स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज, लखनऊ

लखनऊ। कोरोना वैश्विक महामारी से विश्व के 180 से अधिक देशो में पिछले लगभग 3-माह से संक्रमण ने अपना दंश फैला रखा है । भारतवर्ष में संक्रमण की संख्या दिनोदिन बढती जा रही है जो विश्व के 57 लाख के सापेक्ष आज 1लाख 53 हजार पहुंच चुकी है । यद्यपि उनके ठीक होने की संख्या में जो 64,733 है, जिसका प्रतिशत 42.3 है, जो अन्य देशो की सापेक्ष अधिक है तथा मृत्यु आजतक मात्र4,4365 जिसका प्रतिशत 2.85 है, जो विश्व के अन्य देशो के दर से बहुत कम है । अभी भी मजदूरो का दूसरे प्रदेशों से अपने जनपदो के तरफ वापस जाने का थमा नही है, बल्कि इससे सभी जनपदो में संक्रमण अधिक बढता जा रहा है । यद्यपि देश की अर्थव्यवस्था को ध्यान में रखते हुये कुछ क्षेत्रो में, कार्य-कलाप बढाने व आवागमन में बंदिशो के साथ ढील दी गयी है तथा प्रदेशो को स्वंय की परिस्थिति के अनुरूप निर्णय लेने का कुछ अधिकार भारत सरकार ने दे रखा है । अभी भी सम्पूर्ण देशवासी संकट की ऐसी घडी में, एकजुट होकर कोरोना के खिलाफ जंग लडने में कृत संकल्प है । प्रदेश की योगी सरकार कोरोना महामारी से निपटने के लिये हर सम्भव प्रयास कर रही है तथा मजदूरो को रोजगार देने के अवसर तथा जो अन्य प्रदेशो में लाकडाउन मे फसे मजदूरो को वापस लाने का सार्थक प्रयास कर रहीं हैं । इनमें तमाम समाजसेवी संस्थाये / संगठन अपने स्तर से भी बडी तल्लीनता से सेवा-भाव में जुटी हुयी है ।

विराम खंड-5 गोमतीनगर जनकल्याण महासमिति के पदाधिकारी, डा. भरत राज सिंह, पर्यावरणविद-सलाहकार और प्रचार-सचिव, ने अपनी शादी की साल-गिरह पर विराम खण्ड-5, के आस-पास मौजूद जरूरतमंद ग़रीब व बेसहारा लोगों को मास्क व फलो के 50 अदद पैकेट अपनी पत्नी श्रीमती मालती सिह के साथ वितरण किया । इस कार्य-क्रम में, विराम खंड -5 जनकल्याण महासमिति के सचिव श्री आर.एस.मिश्रा व विराम खण्ड-5 जनकल्याण समिति के अन्य पदाधिकारी श्री एस.बी.एल. मल्होत्रा, सहायक सचिव फूलो का उपहार देकर सम्मिलत हुये ।